'यूपी माइन मित्र' पोर्टल को सीएसआई नेशनल अवॉर्ड

लखनऊ। प्रदेश में बेहतर ऑनलाइन खनिज प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत 'यूपी माइन मित्र' पोर्टल विकसित करने के लिए कंप्यूटर सोसायटी आफ इंडिया ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग को नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि लोगों को उचित दामों पर और आसानी से खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी माइन मित्र पोर्टल विकसित किया गया। खनन से संबंधित समस्त सेवाओं को एक कॉमन प्लेटफॉर्म के रूप में इस पोर्टल पर स्थान दिया गया। इसमें नागरिकों के लिए आनलाइन आवेदन, परिवहन प्रपत्र, ऑनलाइन किश्तों का भुगतान आदि की सुविधा दी गई है। इसके साथ ही अवैध खनन व अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए गेट व खदानों में लगे धर्मकांटा को निदेशालय स्थित कमांड सेंटर से जोड़ा गया है। ब्यूरो